हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–65 : जौनपुर, बुधवार 02 नवम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## करप्शन में फंसे सीओ पर कार्यवाही : सरकार ने बनाया इंस्पेक्टर

रामपुर ब्यूरो : यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी ने रिश्वत लेने के आरोपी पुलिस उपाधीक्षक/सीओ को इंस्पेक्टर बनाने का निर्देश दिया है। रामपुर में तैनात रहे तत्कालीन सीओ सिटी विद्या किशोर शर्मा को अनुशासनहीनता के आरोप में उनके मूल पद पर प्रत्यावर्तित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने योगी आदित्यनाथ की ओर से ट्वीट कर इसकी जानकारी दी गई है। रामपुर में तैनात रहे एक सीओ सिटी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। आरोप है कि रिश्वत लेते हुए उनका एक वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले की जांच डीआईजी ने कराई थी। प्रारंभिक जांच में आरोप की पुष्टि होने के बाद उनका तबादला यहां कर दिया गया था। बाद में उनको शासन स्तर से निलंबित कर दिया गया था और विभागीय जांच बैठा दी गई थी। मंगलवार को



मुख्यमंत्री के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर इस बात की जानकारी दी गई है कि रामपुर में तैनात रहे तत्कालीन सीओ सिटी विद्या किशोर को उनके मूल पद पर प्रत्यावर्तित कर दिया गया है। अब विद्या किशोर शर्मा को पदावनत कर इंस्पेक्टर बना दिया है।

## डेंगू के प्रसार को रोकने में स्वास्थ्य शिक्षा जनसभागिता साफ–सफाई का विशेष महत्व –मुख्य चिकित्सा अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह ने समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन को अवगत कराया है कि डेंगू के प्रसार को रोकने में स्वास्थ्य शिक्षा/जनसभागिता/साफ–सफाई का विशेष महत्व है। नगर के सभी मोहल्लो में स्वच्छता समिति गठित/संचालित है। जनपद स्तर पर गठित टीमो का समन्यव किया जाता है। वर्तमान में स्वच्छता समितियों को सक्रिय किये जाने एवं उनके माध्यम से सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में अभियान चलाकर घरो के अन्दर के डेंगू प्रजनन स्त्रो के विनिस्टीकरण की स्वास्थ्य शिक्षा दिये जाने एवं उनके माध्यम से गृह स्वामियों द्वारा प्रजनन स्त्रो का विनिस्टीकरण कराये जाने के लिये प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने अपेक्षा है कि जन स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से कार्ययोजना बनाकर मोहल्लावार उपरोक्त स्वच्छता समितियों को सक्रिय कर गृह स्वामियों को स्वास्थ्य शिक्षा दिलाये एवं प्रजनन स्त्रो का विनिस्टीकरण कराये। मोहल्ला मिटिंग, कालोनियों में जागरूकता रैलियाँ एवं छोटे–छोट सफाई अभियान का आयोजन किया जाना जनहित में उपयोगी होगा।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा जिला चिकित्सालय का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि . : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया। पुरूष चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान पूछा कि प्रतिदिन कितने मरीज आ रहे। सीएमएस अभिमन्यु को निर्देशित किया कि अस्पताल के प्रवेश द्वार पर ही फीवर हेल्प डेस्क बनाएं और जितने भी बुखार के मरीज आ रहे हैं उनका नाम दर्ज करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी का अच्छे से इलाज किया जाए। सीएमएस को निर्देशित किया कि डेंगू बचाव के संबंध के बोर्ड लगाया जाए। डॉ0 प्रभात सिंह के द्वारा बताया गया है कि डेंगू के मरीजों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अस्पताल में सभी प्रकार की आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहे। डेंगू वार्ड में जाकर भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। सीएमएस के द्वारा बताया गया कि डेंगू वार्ड में कुल 19 मरीज भर्ती है, 30 बेड का डेंगू वार्ड बनाया गया है। अस्पताल के परिसर में जलजमाव एवं कूडा इकट्ठा मिला, जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर को निर्देशित किया कि तत्काल साफ–सफाई कराकर सूचित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल में बने ऑक्सीजन प्लांट सक्रिय रहें। जिला महिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान सीएमएस को निर्देशित किया कि सभी डॉक्टर के नाम और मोबाइल नंबर बाहर लिखवाए। लेबर रूम में जाकर भर्ती मरीजों से जानकारी ली और पूछा कि कितनी नॉर्मल डिलीवरी एवं कितनी सर्जिकल डिलीवरी हो रही है। जिलाधिकारी ने सभी को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों से अच्छा व्यवहार किया जाए दुर्व्यवहार करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह सहित अन्य चिकित्सकगण उपस्थित रहे।

## राज्यमंत्री उ0प्र0 विजय लक्ष्मी गौतम द्वारा विकासखंड बदलापुर के सभागार में विभिन्न योजनाओं पर की गई समीक्षा बैठक

जौनपुर सू.वि. : मा0 राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 विजय लक्ष्मी गौतम द्वारा विकासखंड बदलापुर के सभागार में 01 नवम्बर 2022 को देर सायं बैठक कर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। मा0 राज्यमंत्री जी के द्वारा मनरेगा के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं, अमृत सरोवर, ग्राम सचिवालय, स्वयं सहायता समूह, प्रधानमंत्री सड़क योजना, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। मा0 मंत्री जी ने निर्देशित किया कि मनरेगा के कार्य तेजी लाते हुए सभी को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराएं, जिससे श्रमिकों का जीवन आर्थिक रूप से सशक्त हो सके। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास के संदर्भ में निर्देशित किया कि अधूरे आवास को शीघ्र पूर्ण कराएं और पात्र लाभार्थियों को लाभ शत–प्रतिशत दिलाना सुनिश्चित करें। डीसीएनआरएलएम को निर्देशित किया कि स्वयं सहायता समूह की गतिविधियों को तीव्र किया जाये और इनके द्वारा विविध प्रकार के उत्पाद को निर्मित कराते हुए उत्पादन बढ़ाने के साथ–साथ बाजार उपलब्ध कराएं। उक्त के सन्दर्भ में डीसीएनआरएलएम



ने अवगत कराया गया कि जनपद में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से मशरूम, इत्र इत्यादि का उत्पादन कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री सड़क योजना की कार्य में धीमी गति के संदर्भ में निर्देशित किया कि कार्य की गति बढ़ाएं और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। ठेकेदारों की मॉनिटरिंग करते रहें जिससे कार्य समय और गुणवत्ता पूर्ण संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की मंशा है कि प्रदेश का चहुमुखी विकास हो और प्रदेश में खुशहाली रहे। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बी.बी सिंह, उपायुक्त मनरेगा भूपेन्द्र सिंह, पीडी जयकेश त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राजन जायसवाल के नेतृत्व में टीम ने जीता यूनेस्को का ग्लोबल मीडिया एवं सूचना साक्षरता हैकाथॉन अवार्ड

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' (UNESCO) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है। यह शिक्षा, विज्ञान एवं संस्कृति के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से शांति स्थापित करने का प्रयास करती है। यूनेस्को संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समूह (United Nations Sustainable Development Group - UNSDG) का सदस्य है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों एवं संगठनों के इस समूह का उद्देश्य सतत् विकास लक्ष्यों को पूरा करना है। विगत ग्यारह वर्षों की भांति इस वर्ष भी यूनेस्को द्वारा आयोजित 'ग्लोबल मीडिया एवं सूचना साक्षरता सप्ताह 2022' के अंतर्गत 'ग्लोबल मीडिया एवं सूचना साक्षरता हैकाथॉन' के विजेता टीम की सूची जारी की गई, जिसमें भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) के पूर्व छात्रों की टीम 'व्हाइट–बोर्ड' ने प्रथम स्थान हासिल किया है। विदित हो कि संयुक्त राष्ट्र की विदेश एजेंसी द्वारा हर साल अक्टूबर माह के आखिरी सप्ताह में 'ग्लोबल मीडिया एवं सूचना साक्षरता सप्ताह' मनाया जाता है जिसके अंतर्गत दुनिया भर के अलग–अलग देशों में अनेक आयोजन किए जाते हैं। इस तरह के आयोजनो का मकसद लोगों को फेक–न्यूज और मिस–इंफॉर्मेशन (भ्रामक खबरें एवं जानकारियाँ) जैसी समस्याओं के बारे में बताने और इस तरह के गलत–तथ्यात्मक खबरों तथा सूचनाओं को फैलने से रोकने के लिए जागरूक करना होता है। यूनेस्को के द्वारा पहला 'ग्लोबल मीडिया और सूचना साक्षरता सप्ताह' 2011 में मोरक्को में आयोजित किया गया था। संयुक्त राष्ट्र के इस पहल की मुख्य अवधारणा प्रत्येक व्यक्ति को सूचना और खबर की तथ्यात्मकता एवं सत्यता को परखने के योग्य बनाना है ताकि प्रत्येक नागरिक गलत एवं भ्रामक सूचनाओं को फैलने से रोक सके और आम आदमी तक सही सूचना पहुंच सके। यूनेस्को द्वारा इस वर्ष 12वे 'ग्लोबल मीडिया और सूचना साक्षरता सप्ताह' का आयोजक देश नाइजीरिया को बनाया गया तथा 24 अक्टूबर से शुरू होकर 31 अक्टूबर तक प्रतिदिन मीडिया एवं सूचना क्षेत्र से जुड़े अनेक विषयों पर अलग–अलग देशों में अनेक संस्थाओं के साथ मिलकर गोष्ठियां आयोजित की गई। इसके अलावा फेक–न्यूज तथा मिस–इनफार्मेशन को रोकने के लिए नए विचारों तथा तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए यूनेस्को द्वारा हर



साल 'ग्लोबल मीडिया एवं सूचना साक्षरता सप्ताह' के दौरान 'ग्लोबल हैकथॉन' का भी आयोजन किया जाता है जिसमें पूरी दुनिया से अलग–अलग टीमें अपने नवाचार और नई तकनीक को प्रस्तुत करती हैं। हर वर्ष की भांति इस बार भी इस 'ग्लोबल मीडिया एवं सूचना साक्षरता हैकथॉन' का आयोजन किया गया, इसमें 40 से ज्यादा देशों की 60 से ज्यादा टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें 'सूचना एवं मीडिया साक्षरता' को बढ़ावा हेतु देने हेतु इन्नोवेटिव आइडिया प्रस्तुत करने के लिए भारत की 'व्हाइट–बोर्ड' टीम को प्रथम विजेता के रूप में चुना गया है। विगत 12 वर्षों से इस हैकथॉन का आयोजन होने के बाद इस वर्ष भारत को पहली बार बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। 'व्हाइट–बोर्ड' इस हैकथॉन को जीतने वाली पहली भारतीय टीम है। प्रोजेक्ट व्हाइट–बोर्ड भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली के पूर्व छात्रों द्वारा संचालित एक मीडिया साक्षरता कार्यक्रम है जिसके तहत ग्रामीण भारत के अल्प–शिक्षित लोगों एवं युवाओं के बीच फेक–न्यूज, मिस–इंफॉर्मेशन आदि को रोकने के लिए जागरूकता फैलाने का काम इस टीम के द्वारा किया जाता है। इस टीम में जुड़े हुए मुख्य सदस्य राजन जायसवाल, अनिकेत जाधव, विजयशील नायकर, अंकिता सोनी, तान्या कथूरिया और किंजल परमार है और यह सभी प्रतिभागी वर्तमान में अलग–अलग मीडिया संस्थानों में कार्यरत है। टीम का नेतृत्व बांसगांव थाना क्षेत्र के कस्बा माल्हनपार गोरखपुर निवासी राजन जायसवाल पुत्र स्वर्गीय अशोक जायसवाल ने किया और वे इस जागरूकता कार्यक्रम को पिछले एक साल से गोरखपुर के ग्रामीण अंचल में संचालित कर लोगों को मीडिया, फेक न्यूज और मिसइंफॉर्मेशन के बारे में जागरूक कर रहे हैं।राजन की प्रारम्भिक शिक्षा माल्हनपार एवं इंटरमीडिएट भटवली इंटर कालेज से किया है। राजन की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## एस.के.डी. एकेडमी के फाउंडर डे व सिल्वर जुबली समारोह का किया गया भव्य आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। "मैं अकेला ही चला था जानिबे–मंजिले मगर लोग साथ जुड़ते गए और कारवां बनता गया" यह शेर पूरी तरह से चरितार्थ करते हैं हमारे एस.के. डी. सिंह सर जिनके जन्मदिवस 1 नवम्बर को एस.के.डी. एकेडमी में प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। किन्तु इस वर्ष अर्थात् 2022 को 1 नवम्बर की बात ही कुछ अलग थी क्योंकि इस वर्ष यह एकेडमी अपनी स्थापना के 25वां वर्ष पूरे कर रही है और अपनी रजत जयंती मना रही है। इस अवसर पर एस. के. डी. एकेडमी की वृन्दावन शाखा के नवनिर्मित प्रेक्षाग्रह में स्थापना दिवस का आयोजन बड़े ही विशिष्ट रूप में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एस.के. डी. सिंह ने गुब्बारे उड़ा कर किया। विद्यालय के सभी छात्र और शिक्षकगण तथा समस्त कर्मचारी उनके स्वागत के लिए उत्सुक थे सभी शाखाओं की प्रधानाचार्या और उपप्रधानाचार्याओं ने उन्हें बुके भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्य अतिथि के रूप में राजेश्वर सिंह, विधायक, सरोजनी नगर क्षेत्र, लखनऊ एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी गणमान्यजनों की उपस्थिति में एस. के. डी. एकेडमी के नवनिर्मित प्रेक्षागृह का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका प्रतिबिम्ब का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर डा० राजेश्वर सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में श्री एस.के. डी. सिंह जी का योगदान अतुलनीय है उनके कार्यों के लिए राष्ट्र उनका ऋणी है।विद्यालय के पूर्व छात्र छात्राएं जो वर्तमान में ऊँचे–ऊँचे पदों को सुशोभित कर रहे हैं. इस




कार्यक्रम में उपस्थित थे औरएस. के. डी. एकेडमी से जुड़े अपने अनुभव साझा करते एवं सर के प्रति अपने श्रद्धा भाव प्रकट कर रहे थे। विद्यालय की पूर्व छात्रा सुश्री पूजा तिवारी, जो आज संगीत के क्षेत्र में देश और विदेश में प्रख्यात है उन्होनें अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों से एस.के. डी. सर का अभिनन्दन किया और सर का आशीर्वाद ग्रहण किया। एस.के.डी. सर ने नृत्य व संगीत को सुंदर प्रस्तुतियों के बीच अपने 78वें जन्मदिवस का केक काटा। तत्पश्चात् सभी लोगों ने सर को जन्मदिन के उपहार व कार्ड भेंट किए। विद्यालय के चेयरमैन एस.के.डी. सिंह जी ने भावुक होते हुए वहां उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों को धन्यवाद दिया एवं एस.के.डी. परिवार को अपने आशीर्वचनों से अभिसिंचित किया तथा सभी को निस्वार्थ भाव से कर्मशील बने रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के निदेशक मनीष सिंह ने एस.के. डी. एकेडमी की 25 वर्षो की विद्यालय की यात्रा के जुड़े अपने अनुभवों को साझा करते हुए एवं इस विद्यालय की विशिष्ट शिक्षा के स्तर को उद्धत करते हुए यह कामना की कि इसी उत्साह एवं कर्मनिष्ठा के साथ आगे बढ़ते हुए हम शीघ्र ही एस.के. डी. एकेडमी को उन्नति के एक और नए शिखर पर ले जाएंगे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## सीएससी प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत चल रही सीएससी कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया विकाश भवन सभागार गोरखपुर में किया गया जिसमे सीएससी राज्य कार्यालय से दिव्यदर्शन उपाध्याय विकाश कुमार ,व अश्वनी शुक्ला और विभिन्न संस्थाओं



के प्रतिनिधियों ने संचालको को सर्विसेज के बारे में कैसे कार्य करना के बारे में जानकारी दी इस बैठक में 5 से अधिक संस्थाओं के पर्तिनिधि के साथ 130 से अधिक केंद्र संचालको ने प्रतिभाग किया। केंद्र संचालको की कार्यशाला मे सभी लोगो को जिला प्रबंधक अंशुल प्रताप यादव ,अवनीश कुमार सिंह व विनीत कुमार श्रीवास्तव ने पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया उसके बाद सीएससी से संबंधित लगभग सभी प्रकार के कार्यों के संदर्भ में केंद्र संचालकों को सीएससी राज्य कार्यालय से उपस्थित दिव्यदर्शन उपाध्याय ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया जिसके अंतर्गत आयुष्मान भारत, बिजली बिल, स्वास्थ्य बीमा, इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस बैंकिंग सेवा आधार सेवा डॉक मित्र, डीजीपे, आईआरसीटीसी, लेबर रजिस्ट्रेशन, गैस बुकिंग, एनपीएस आदि के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया तथा इस प्रशिक्षण कार्यशाला में सभी से मिलने वाले कमीशन पर भी के संबंध में भी जानकारी दी गई तथा इन सेवाओं से संबंधित समस्याओं का भी समाधान किया गया इस मौके पर जनपद के 130 से अधिक संचालको ने परिभाग किया प्रबंधक अंशुल प्रताप यादव और अवनीश कुमार सिंह ने आये सभी संचालको से अपील की सभी संचालक अपने पंचायत के शेष सभी आयुष्मान भारत के लाभार्तियो का आयुष्मान भारत में पंजीकरण में सहयोग करे और अधिक से अधिक लोगो को इस योजना का लाभ दे।

## केनरा बैंक में मनाया गया सतर्कता जागरूकता सप्ताह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भ्रष्टाचार मुक्त एक सशक्त भारत के विकास के लिए केनरा बैंक के समस्त कर्मचारी, अधिकारी तथा कार्यपालकों ने ईमानदारी, दृढ़नैतिकता और सत्यनिष्ठा की शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के संदेश भी पढे गए। सरदार



बल्लभ भाई पटेल की जन्मशती के मौके पर एकता दिवस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीजी एस आई टी उत्तर प्रदेश रेणुका मिश्रा उपस्थित रहीं । उन्होने बताया की आज हर क्षेत्र मे विकास के साथ साथ नये नये प्रकार के धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं, आज के इस तेजी से बदलते हुए परिवेश मे जहा व्यक्तिगत, शाखा बैंकिंग से डिजिटल बैंकिंग मे आ गए। ऐसे समय में हम सभी को हर पल बहुत सतर्क एवं सजग रहने की आवश्यकता है। बैंक देश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़ और एक सशक्त स्तंभ है। इसलिए हमसभी वित्तीय संस्थाओं से जुड़े लोगों की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हमे कर्तव्यनिष्ठ होने के साथ साथ बहुत सजग और जागरूक होने की आवश्यकता है तथा ग्राहकों को भी जागरूक करने पर बल दिया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता लखनऊ अंचल के महा प्रबन्धक आलोक कुमार अग्रवाल ने की। बैंक के उपमहाप्रबंधक लोकनाथ ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और अन्य उपमहाप्रबंधक अजीत कुमार मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

ईश्वर वो नहीं देता जो आपको अच्छा लगता है, ईश्वर वह देता है जो आपके लिए अच्छा होता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# क्षमता निर्माण हो हमारी प्राथमिकता

सरकारी योजनाओं को कम करने और उनकी फंडिंग में कटौती करने के बजाय सरकार को इन्हें वाजिब आकार देना चाहिए। जीएसटी सुधार के बाद राजकोषीय मामलों में केंद्र–राज्य संबंध बदल गए हैं।

बीते तीन वर्षों में केंद्र सरकार की योजनाओं में से आधे से ज्यादा को या तो बंद कर दिया गया है या फिर उन्हें अन्य योजनाओं में शामिल कर लिया गया है। फरवरी, 2022 तक केंद्र सरकार की 130 योजनाओं में से 65 में सुधार या पुनर्निर्धारण किया गया और उनमें पांच अतिरिक्त योजनाएं जोड़ी गई हैं। सभी मंत्रालयों में इसका अलग–अलग असर पड़ रहा है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की 19 योजनाओं में से महज तीन बची हैं– मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य और सक्षम आंगनवाड़ी/पोषण 2.0।

ऐसे ही पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने 12 योजनाओं को घटाकर सिर्फ दो कर दिया है। इसके अलावा मंत्रालय ने सहकारिता के जरिये डेयरी, राष्ट्रीय डेयरी योजना–II सरीखी तीन योजनाएं बंद कर दी है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने अपनी योजनाओं को 20 से घटाकर तीन कर दिया है, जबकि जैविक खेती की राष्ट्रीय परियोजना या राष्ट्रीय कृषि वानिकी परियोजना के बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। क्या इससे बेटर गवर्नेंस के बजाय लेस गवर्नेंस की स्थिति नहीं जाहिर होती? जिन योजनाओं का अस्तित्व बरकरार भी है, उनके आगे फंड की कटौती और राशि के सदुपयोग जैसी चुनौतियां हैं।

जून, 2022 तक केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के लिए 1.2 लाख करोड़ रुपये बैंक में पड़े हुए थे। सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा में सुधार और आर्थिक–सामाजिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए परियोजनाओं के वित्तपोषण पर ध्यान देने के साथ निर्भया कोष 2013 में शुरू किया गया था। इसके लिए 2013 और 2016 के बीच सालाना 1,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया, पर इसमें से ज्यादातर पैसे का कोई इस्तेमाल नहीं हुआ।

निर्भया फंड को वित्त वर्ष 2021–22 तक 6,214 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, पर वास्तव में केवल 4,138 करोड़ रुपये ही वितरित किए गए और उसमें से मात्र 2,922 करोड़ रुपये का उपयोग हुआ। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को 660 करोड़ रुपये का वितरण किया गया, पर जुलाई, 2021 तक मात्र 181 करोड़ रुपये का उपयोग किया जा सका। राज्यों में विभिन्न प्रकार की महिला केंद्रित विकास योजनाओं को दरकिनार या बंद किया जा रहा है। जबकि सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को लगातार जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों को भी नहीं बख्शा गया है। उर्वरक सब्सिडी में पिछले कुछ वर्षों में लगातार गिरावट आई है। वित्त वर्ष 2020–21 में उर्वरकों पर वास्तविक सरकारी खर्च 1,27,921 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। वित्त वर्ष 2021–22 के बजट में आवंटन 79,529 करोड़ रुपये था, जिसे बाद में महामारी के कारण संशोधित कर 1,40,122 करोड़ रुपये कर दिया गया। वित्त वर्ष 2022–23 के बजट में आवंटन 1,05,222 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2011–22 में संशोधित अनुमानों की तुलना में एनपीके उर्वरकों का आवंटन 35 फीसदी कम था।

कटौती तब हुई है, जब यूक्रेन युद्ध से उर्वरक की कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है। इससे उर्वरक की कमी हुई और किसानों का विरोध बढ़ा। ग्रामीण गरीबों की भी उपेक्षा हुई है। इस साल मनरेगा का आवंटन 25 फीसदी घटाकर 73,000 करोड़ रुपये रखा गया। इस बीच, आर्थिक सर्वेक्षण से पता चला कि इस योजना की मांग महामारी से पहले की तुलना में अधिक थी, क्योंकि ग्रामीण संकट जारी था। अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि मनरेगा के लिए वास्तविक धन वितरण में अक्सर देरी हुई है, जिससे योजना के प्रति विश्वास डिगा है।

ग्रामीण गरीबों को तत्काल रोजगार और आजीविका के अवसर प्रदान करने के लिए गरीब कल्याण रोजगार अभियान 20 जून, 2020 को 125 दिनों की अवधि के लिए शुरू किया गया था। इसके तहत 39,293 करोड़ रुपये के कुल खर्च पर रोजगार प्रदान किया गया। अलबत्ता इसके लिए 50,000 करोड़ रुपये का घोषित बजट था। ध्यान रखना चाहिए कि इस योजना में 15 अन्य योजनाओं को शामिल किया गया है। अनौपचारिक नौकरियों की तलाश करने वाले छह से 10 करोड़ प्रवासी श्रमिकों के लिए ऐसी योजना पर्याप्त नहीं थी।

लिहाजा ऐसी योजना का विस्तार किया जाना चाहिए था। हम उन लाखों लोगों के लिए रोजगार कैसे बढ़ाएंगे, जिन्हें कारखानों और सेवा क्षेत्र में नियोजित नहीं किया जा सकता? स्वास्थ्य कर्मी भी अब बजट कटौती की चपेट में आ रहे हैं। मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा), जो सरकार द्वारा किसी भी स्वास्थ्य देखभाल योजना की अग्रिम पंक्ति हैं, हड़ताल पर जाने को मजबूर हैं। तपिश और बारिश में काम करते रहने के बावजूद इनमें से अनेक लोगों ने वेतन में छह महीने तक की देरी देखी है। इनमें से अनेक की नौकरी स्थायी नहीं है, उनकी मजदूरी और मानदेय न्यूनतम स्तरों पर अटके हुए हैं।

कोविड–19 महामारी के दौरान उनके योगदान को महत्व देते हुए उन्हें ईएसआईसी और ईपीएफ लाभ दिया जाना चाहिए। इस दौरान जैव विविधता की भी गंभीर अनदेखी की गई है। कूनो में चीतों के आने को छोड़ दें, तो पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत वन्यजीव आवास के विकास के लिए वित्त पोषण में पिछले कुछ वर्षों में काफी कटौती की गई है। इसे 2018–19 में 165 करोड़ रुपये से घटाकर 2019–20 में 124.5 करोड़ रुपये और 2020–21 में 87.6 करोड़ रुपये कर दिया गया। प्रोजेक्ट टाइगर के लिए भी आवंटन 2018–19 में 323 करोड़ रुपये से घटाकर वित्त वर्ष 2020–21 में 194.5 करोड़ रुपये कर दिया गया।

अगर फंडिंग में कटौती जारी रही, तो हम अपने जलवायु परिवर्तन दायित्वों को कैसे पूरा करेंगे? सरकारी योजनाओं को कम करने और उनकी फंडिंग में कटौती करने के बजाय सरकार को इन्हें वाजिब आकार देना चाहिए। जीएसटी सुधार के बाद राजकोषीय मामलों में केंद्र–राज्य संबंध बदल गए हैं। हमारी सार्वजनिक सेवाओं में अधिक डॉक्टरों, शिक्षकों, इंजीनियरों के साथ कुछ डाटा क्लर्कों की जरूरत होती है। हमें कुशल सिविल सेवा के लिए क्षमता निर्माण करने की आवश्यकता है, जिससे भ्रष्टाचार मुक्त कल्याण तंत्र बनाने और आधुनिक अर्थव्यवस्था चलाने जैसी चुनौतियों का सामना किया जा सके। सरकारी योजनाओं में कटौती के बजाय हमें अपनी आकांक्षाओं को बेहतर सार्वजनिक सेवा वितरण की ओर बढ़ाना चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## दूषित खाना खाकर बीमार हुए बच्चे : 18 की हालत बिगड़ी : सिविल अस्पताल रेफर

लखनऊ ब्यूरो : क्षेत्र के गौरा गांव में सोमवार रात हुई बर्थडे पार्टी का खाना खाने के बाद 70 लोग बीमार हो गए। उल्टी–दस्त की शिकायत के बाद इनमें से 52 को सीएचसी में भर्ती करवाया गया था। बुधवार को 18 बच्चों की हालत बिगड़ गई जिस पर उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया। बीमार होने वालों में ज्यादातर बच्चे हैं। मामले की सूचना पर एसडीएम, सीएमओ समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही छोला–चावल का सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। गौरा गांव के सनी रावत के एक वर्षीय बेटे केसू का सोमवार को जन्मदिन था। घर पर ही छोला, चावल, सूखी सब्जी व पूड़ी बनवाकर दावत दी गई थी। रात आठ बजे केक काटने के बाद खाना परोसा गया। इसके कुछ घंटे बाद कई लोगों को उल्टी–दस्त शुरू हो गए। धीरे–धीरे बीमार होने वालों की संख्या मंगलवार देर शाम तक 52 पहुंच गई। पहले इन्हें निजी क्लीनिक भेजा गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर सभी को दो एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य, सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल व इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे भी सीएचसी पहुंचे। एसडीएम ने भर्ती लोगों का हाल जानने के साथ अधीक्षक को जरूरत पड़ने पर मरीजों को जिला अस्पताल भेजने की बात कही। उधर, सनी रावत ने बताया कि खाना घर पर हलवाई से बनवाया गया था, सिर्फ केक बाहर से मंगवाया था। अस्पताल में कम पड़ गए बेड सीएचसी में 30 मरीजों को भर्ती करने की तैयारी नहीं थी। इसके चलते बेड कम पड़ गए, जिससे पीड़ितों को महिला व डेंगू वार्ड में एडमिट करना पड़ा। सीएमओ ने बताया कि सिविल और बलरामपुर अस्पताल में भी 10–10 बेड रिजर्व कर दिए गए हैं। सभी मरीज खतरे से बाहर हैं। क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया है। साथ ही लोगों को क्लोरीन की गोलियां व ओआरएस पैकेट बांटे गए हैं। इलाके में



अस्थायी चिकित्सा कैंप लगाकर लगातार निगरानी रखने के लिए भी कहा गया है। सीएमओ को थामनी पड़ी ग्लूकोज की बोतल सीएचसी अधीक्षक ने बेड की कमी होने पर दो–दो मरीजों को एक बेड पर भर्ती कर दिया। सीएमओ ने इस पर नाराजगी जताते हुए सीएचसी परिसर में बने बाल महिला के भवन में बीमारों को भर्ती कराया। मरीजों को शिफ्ट करने के दौरान सीएमओ को मरीज की ग्लूकोज की बोतल संभालनी पड़ी। भर्ती होने वालों में संदीप 7 वर्ष, बृजेश 15 वर्ष, आर्यन 13 वर्ष, आलोक 14 वर्ष, शान 26 वर्ष, रूबी 25 वर्र्ष, ममता 28 वर्ष, सरस्वती 50 वर्ष, पलक 12 वर्ष, लकी 11 वर्ष, अमन 13 वर्ष, अमन 12 वर्ष, आकाश 12 वर्ष, रचित 8 वर्ष, विस्सू 7 वर्ष, राहुल 10 वर्ष, अमित 32 वर्ष, शिल्पा 12 वर्ष, सावित्री 19 वर्ष, तन्नू 10 वर्ष, नेहा राणा 9 वर्ष, अतुल 10 वर्ष, रवि 10 वर्ष, कुमकुम 12 वर्ष, माया 12 वर्ष, मानसी 10 वर्ष, सरिता 18 वर्ष, नीतेश 13 वर्ष, राधा 14 वर्ष, पलक 12 वर्ष समेत कुल 52 लोग हैं। गंदा पानी भी हो सकता है वजह गौरा गांव में इतने लोगों के बीमार पड़ने की वजह गंदा पानी भी हो सकती है। गांव के पास कई फैक्टरी हैं, जिनसे गंदा पानी निकलता रहता है। आशंका है कि यही पानी रिसकर हैंडपंप से दावत वाले घर पहुंचा हो। खाना बनाने में इसी पानी का इस्तेमाल होने से लोग बीमार हो सकते हैं। पानी की जांच होने पर असली कारण सामने आ सकता है। गांव में भेजी डॉक्टरों की टीम जिन लोगों ने छोला–चावल खाया, वही बीमार हुए हैं। इसका मतलब है कि इसमें खराबी रही होगी। छोला–चावल का सैंपल भेजकर जांच कराई जाएगी। गांव में डॉक्टरों की एक टीम भी भेजी गई थी। डॉ. अशोक कुमार, सीएचसी अधीक्षक

## डोबरियाल का एंटी करप्शन कोर्ट में समर्पण : स्थानांतरण कराने के लिए लिया था आर्थिक लाभ

लखनऊ ब्यूरो : राजस्व परिषद के चेयरमैन के पूर्व निजी सचिव विवेकानंद डोबरियाल ने एंटी करप्शन कोर्ट में समर्पण कर दिया। प्रभारी न्यायाधीश रमाकांत प्रसाद ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। डोबरियाल की जमानत पर तीन नवंबर को सुनवाई होगी। विवेकानंद डोबरियाल पर कैसरबाग थाने में केस दर्ज किया गया है। उस पर पद का दुरुपयोग कर कई जिलों में तैनात तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल से संपर्क कर स्थानांतरण, जांच में मदद करने के लिए आर्थिक लाभ लेने का आरोप है। इसके अलावा उसने सरकारी सेवा में तैनाती के दौरान मृत व्यक्ति के नाम से सिम जारी कराकर इस्तेमाल किया था। डोबरियाल ने सोमवार को कोर्ट के समक्ष आत्मसमर्पण प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर कहा कि उच्चतम न्यायालय से उसे तीन सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत मिली है। उसे



तीन सप्ताह के अंदर संबंधित कोर्ट के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है। जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज त्रिपाठी एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रभा वैश्य ने विरोध करते हुए कहा कि उन्हें जमानत प्रार्थना पत्र पर आपत्ति दाखिल करने के लिए समय दिया जाए। इस पर कोर्ट ने अर्जी पर सुनवाई के लिए तीन नवंबर की तिथि तय की है। डोबरियाल 31 मार्च को रिटायर हुआ है।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में उमड़ी भक्तों की भीड़

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : नगर में बीते सोमवार से आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महा यज्ञ में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। आपको बता दें कि लक्ष्मी नारायण महा यज्ञ का आयोजन पूरे विधि विधान के साथ शुरू हो चुका है। इस महा यज्ञ में दूर दराज से विद्वानों को बुलाया गया है।नगर सहित क्षेत्र से भक्तों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है। यज्ञ स्थल पर बने यज्ञ मंडप की परिक्रमा को लेकर हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सुबह की आरती में भी भीड़ देखी जा रही है। वहीं शाम को महा यज्ञ में पधारे महा विद्वानों के प्रवचन में भी स्त्री ,पुरुष और बच्चों की भीड़ से पूरा यज्ञ स्थल गुलजार हो रहा है। मध्यप्रदेश के उज्जैन शहर से पधारे श्री प्रणव पुरी जी महाराज के मुखारविंद से राजा भानुप्रताप का वर्णन किया गया जिसमें उन्होंने बताया कि चक्रवर्ती सम्राट होते हुए भी वे अपनी प्रजा को सुख शांति नहीं देते थे बल्कि आये दिन अपनी प्रजा को अनेक प्रकार से प्रताड़ित करते रहते थे।श्री प्रणव पुरी महाराज ने कहा कि जो राजा अपनी प्रजा के साथ दुर्व्यवहार करता है उसे भगवान अवश्य दण्ड देते हैं वही चक्रवर्ती सम्राट के साथ हुआ एक कपटी मुनि ने छल कपट करके उनके सम्पूर्ण राज्य को नष्ट करवा दिया। महाराज जी ने कहा कि परमात्मा को भूल जाना ही सबसे बड़ी विपत्ति है। विपत्ति को विपत्ति और संपत्ति को संपत्ति नहीं समझना चाहिए। महा पुरुषों का मानना है कि जो विपत्ति हमारे सामने आया है वह हमारे कर्मों का ही परिणाम होता है। सोमवार से सम्पूर्ण नगर में चारों ओर राम कथा एवं भजनों की ध्वनि सुनाई दे रही है। श्री लक्ष्मी नारायण महा यज्ञ को लेकर भक्तों ने पार्किंग, साफ सफाई ,शुद्ध पेयजल ,प्रसाद वितरण सहित कई प्रकार की सुविधाओं आदि व्यवस्थाओं की कमान संभाली है। श्री लक्ष्मी नारायण महा यज्ञ में उमड़ रही भक्तों की भीड़ से नगर सहित पूरा क्षेत्र सनातन और संस्कृति में डूब गया है।

## आईपीसी का पांचवां राष्ट्रीय अविरल कवि सम्मेलन उत्तर प्रदेश के जिला प्रतापगढ़ के श्री सच्चा बाबा आश्रम मे संपन

ठाणे ब्यूरो अमित कुमार पाण्डेय : आईपीसी का पांचवां राष्ट्रीय अविरल कवि सम्मेलन सम्पन्न। 15 कवियों ने अपनी सुंदर रचनाएं पढ़ी। महाकवि त्रिफला जी रहे मुख्य अतिथि, उन्होंने अपने अद्वितीय छंद से लोगों को अवाक किया। अनिल त्रिपाठी जी ने अपने अध्यक्षीय पाठ में आईपीसी टीम को धन्यवाद कहा। बाबा ब्रम्हचारी जी ने आईपीसी को अपना आशिर्वाद दिया। डॉ. राजेंद्र सिंह ने अपने व्यंग से लोगों को हसाया। आईपीसी टीम में पंछी जी, डॉ. आलोक सिंह, डॉ. संजीव पांडेय इत्यादि ने अपने अथक परिश्रम से प्रोग्राम को सफल बनाया। दिन : सोमवार दिनांक : 31.10.22 समय : शाम 4बजे से रात 8बजे तक स्थान : सच्चा बाबा आश्रम



प्रतापगढ मौका : 5वें राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजक : डॉ. परमिंदर पांडेय अकेला।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के युवा प्रकोष्ठ का कार्यक्रम संपन्न

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊः अखिल भारतीय कायस्थ महासभा लखनऊ के युवा प्रकोष्ठ द्वारा अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में दीपावली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें युवा कायस्थों में बढ़–चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर युवाओं का आह्वान करते हुए अनीश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि युवा कायस्थों को आगे बढ़कर अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए सभी क्षेत्रों में अपना झंडा फिर से गाड़ना होगा इसके लिए शिक्षा सबसे आवश्यक है जिसमें हम कायस्थ बंधु सदैव आगे रहे हैं। युवा टीम के महासचिव विनीत श्रीवास्तव एडवोकेट ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में युवाओं की टीम काम करेगी और आगे बढ़ेगी अध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया सचिव आशुतोष श्रीवास्तव उपाध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव सचिव अनीश श्रीवास्तव ने भी आए हुए अतिथियों को संबोधित किया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा लखनऊ इकाई के अध्यक्ष अनुपम श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि हम वरिष्ठ जन युवाओं को सदैव मार्ग दिखाने के लिए तत्पर हैं उनकी ऊर्जा का सही इस्तेमाल हमारी उपलब्धि होगी। संरक्षिका नीरा वर्षा ने अपने संबोधन में कहा कि हम चित्रगुप्त जी के वंशज हैं और सदा नीतिगत कार्यों को करने में विश्वास रखते हैं युवा टीम हम लोगों के अनुभवों का लाभ उठाते हुए आगे बढ़ने का कार्य करें। इस कार्यक्रम में अपोलोमेडिक्स के चिकित्सक डॉक्टर गौतम स्वरूप (डीएम कार्डियोलॉजी) ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी दिनचर्या पर नियंत्रण रखना होगा तभी हम स्वस्थ रह पाएंगे




हृदय से संबंधी बीमारियों से दूर रहने के लिए हमें अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करना पड़ेगा साथ ही अपने खानपान में भी संयम बरतन पड़ेगा डॉक्टर स्वरूप ने कहा कि आज की परिस्थितियों में 8 साल के बाद ही ब्लॉकेज होना शुरू हो जाता है ऐसे में हमें बहुत ही सतर्क होकर हृदय से संबंधित रोगों के लक्षणों को चिन्हित करते हुए अपना इलाज कराना पड़ेगा महिलाओं के लिए विशेष सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए क्योंकि महिलाओं का स्वास्थ्य भी उतना ही आवश्यक है जितना पुरुषों का। जोड़ों के दर्द एवं हड्डी संबंधी रोगों पर बोलते हुए डॉ कमल किशोर गुप्ता ने कहा कि फ्रोजन शोल्डर अर्थराइटिस ओस्टियोपोरोसिस से हमें अपना बचाव करना होगा तभी हमारा जीवन सुचारु रुप से चल पाएगा उन्होंने सर्जरी के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराई। इस मौके पर अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल ने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सदस्यों के लिए प्रिविलेज कार्ड लांच किया जिसमें महासभा के सदस्यों को ओपीडी पैथोलॉजी टेस्ट एवं अन्य इलाकों में सुविधाओं में छूट देने का प्रावधान है। कार्यक्रम का संचालन अनीश श्रीवास्तव और विनीत श्रीवास्तव ने किया।

## इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव अमरनाथ मिश्र को महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के उपाध्यक्ष ने भेंट की गाय की एक प्रतिमा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। नितिन अग्रवाल की माता स्वर्गीय श्रीमती रीता अग्रवाल की 6 वीं पुण्यतिथि पर महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल मोती नगर के उपाध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल द्वारा 1 नवंबर 2022 दिन मंगलवार को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लखनऊ के सानिध्य में महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल मोती नगर लखनऊ में रक्तदान शिविर का शुभारंभ बृजेश पाठक उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा किया गया ।इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लखनऊ के सचिव अमरनाथ मिश्र के साथ इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी की टीम भी उपस्थिति रह कर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लखनऊ के सचिव अमरनाथ मिश्र को महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल मोती नगर के उपाध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल द्वारा गाय की एक प्रतिमा भेंट की। सचिव अमरनाथ मिश्र ने बताया की रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है हम रक्तदान कर किसी की जान को बचा सकते हैं इसलिए समय–समय पर रक्तदान करना चाहिए रक्तदान करने से हमारे शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती हैं बल्कि 24 घंटे में कहीं ज्यादा रक्त बनता है शरीर भी



स्वस्थ रहता है. रक्तदान सर्वश्रेष्ठ दान है रक्तदान से तीन लोगों का जीवन बचाता है ऐसे श्रेष्ठ कार्य के लिए युवक–युवतियों से रक्तदान करने की अपील की. सोसाइटी के सदस्य एवं नगर के समाजसेवियों सहित एवं अन्य लोगों ने भी रक्तदान किया ब्लड डोनेशन अधिकारी ने बताया की सोसायटी द्वारा 15 व्यक्तियों द्वारा रक्त किया गया है। इस कार्यक्रम में इंडियन रेड क्रास सोसाइटी लखनऊ के आजीवन सदस्य ,नितेश अग्रवाल, कार्तिका माथुर, कार्यालय सचिव, शिवाकांत मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## कपड़े की दुकान में लगी आग : हजारो के कपड़े हुए खाक : मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम

चंदौली ब्यूरो : चंदौली में स्थित प्रदीप वस्त्रालय व गारमेंट्स की दुकान के दूसरी मंजिल पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की सूचना पर अफरा–तफरी मच गई। आनन–फानन में प्रतिष्ठान के स्वामी व कर्मचारी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए वहीं कोतवाली पुलिस को जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंच कर आग बुझाने में भरपूर सहयोग किया। बुधवार की भोर में प्रदीप वस्त्रालय की दुकान के दूसरी मंजिल से धुआं निकलता देख बगल के ही माला व्यवसाई ने दुकान के मालिक को फोन करके जानकारी दी। प्रतिष्ठान के धर्मपाल गुप्ता मनोज गुप्ता प्रदीप गुप्ता अपने सहयोगी कर्मियों को लेकर दुकान पर पहुंच गए। धुआं उठता देख कर सन्न रह गए आनन–फानन में दुकान खोल कर उपरी मंजिल पहुंचे और दरवाजा खोल कर आग को बुझाने में जुट गए। कोतवाली पुलिस को जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की



टीम मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने में जुट गई । जिससे दुकानदार ने राहत की सांस ली। प्रतिष्ठान के स्वामी धर्मपाल प्रसाद गुप्ता ने बताया कि दुकान के दूसरी मंजिल पर महिलाओं के लिए साड़ी चुनरी का महंगा आइटम था जिसने इलेक्ट्रिक की शॉर्ट सर्किट से नीचे नीचे गद्दे में आग लग गई। उन्होंने बताया कि लाखों रुपए का सामान आग जलने से नुकसान पहुंचा है।

# प्रयागराज में वाईएमसीए के कई शिक्षक डेंगू से पीड़ित : तीन आईसीयू में भर्ती

प्रयागराज ब्यूरो : सिविल लाइन स्थित वाईएमसीए स्कूल के कई शिक्षक डेंगू से पीड़ित हो गए हैं। तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें शहर के एक अस्पताल में आईसीयू में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि विद्यालय के करीब सात शिक्षक डेंगू से पीड़ित हैं, जबकि आठ शिक्षकों के परिवार मैं सदस्यों को बुखार हो रहा है। करीब 15 शिक्षकों के अनुपस्थित रहने के कारण विद्यालय में पठन–पाठन की व्यवस्था चरमरा गई। इसके कारण बुधवार को विद्यालय को बंद कर दिया गया है।

# डेंगू बीमारी की रोकथाम के लिए उपकरण और मशीनरी उपलब्ध कराने की मांग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लोकसभा मछलीशहर के भाजपा सांसद बीपी सरोज ने जिले में डेंगू बीमारी की रोकथाम के लिए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को अर्ध शासकीय पत्र भेजकर जिले के अस्पतालों में करोड़ों के उपकरण और मशीनरी उपलब्ध कराने की मांग की है। सांसद ने अपने भेजे पत्र में मंत्री को अवगत कराते हुए लिखा है कि जनपद जौनपुर की जनसंख्या लगभग 50– 55 लाख के करीब है जिसमें से वर्तमान समय में काफी बड़ी संख्या वर्तमान में डेंगू बीमारी से पीड़ित है। डेंगू बीमारी की रोकथाम और उपचार के लिए कुछ जरूरी मशीनरी और उपकरणों की अत्यधिक आवश्यकता है ।सांसद ने उप मुख्यमंत्री से सेंट्रीफ्यूज मशीन , प्लेटलेट्स एग्रीगेशन मशीन, सेल काउंटर मशीन, पीएच मीटर ,और एलिजा रीडर आदि उपकरणों की उपलब्धता जनपद में सुनिश्चित करवाने के लिए आग्रह किया है ताकि जनपद के नागरिकों के अमूल्य जीवन की रक्षा सुनिश्चित हो सके। सांसद के प्रयास की आम जनता द्वारा सराहना की जा रही है।

## दिल्ली से घर आ रहा परदेशी हुआ जहरखुरानी का शिकार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिल्ली से परिवार के एक सदस्य की तबियत खराब होने की खबर पाकर गांव आ रहे एक परदेशी को जंघई में जहरखुरानों ने शिकार बना लिया। उसके पास से हजारों नगदी समेत सारा सामान लेकर चम्पत हो गए। क्षेत्र के मेदपुर बनकट गांव निवासी 23 वर्षीय सोनू पुत्र विनय कुमार दिल्ली मे रहकर प्राइवेट नौकरी का काम करता है। वह सोमवार को सुहेलदेव एक्सप्रेस से जंघई स्टेशन उतरकर जंघई फाटक तक पैदल आकर गोधना के तरफ वाहन का इन्तजार करने लगा। तभी एक दुकान पर खडे दो लोगो ने उससे बातचीत मे पता लगा लिए की वह कहां जाएगा। बाईक सवार लोगो ने कहा की मीरगंज तक चल रहा हूँ तुम भी चलो तो उसने जाने से इन्कार किया। लेकिन उनके द्वारा पड़ोसी का हवाला देने पर वह साथ चल दिया। बाइक सवार गोधना से मीरगंज मार्ग पर उसको नशीला पदार्थ सुंघा कर बेहोश करके उसे उतार दिए व उसका सारा सामान लेकर फरार हो गए। वह बेचौन हो रहा था। इसी बीच रामपुर की तरफ से कोई बस जंघई जा रही थी जिसमे किसी ने उसे बैठा दिया। जब वह जंघई पहुचा तो मुह से झाग निकल रहा था। किसी तरह खोजबीन करते हुए परिजन मौके पर पहुचे और इलाज के लिए ले गये जहां उसका उपचार चल रहा हैं।

# हरिहरपुर में निजी खर्च से बनवाया आम रास्ता : भूतपूर्व प्रधान नें किया लोकार्पण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र हरिहरपुर के बढ़ायापार में अनुसूचित जाति के रिटायर्ड इंजीनियर नें अपने निजी खर्च से आम रास्ता बनवाकर मिशाल कायम की । जिसकी पूरे गांव मे प्रशंसा की । मंगलवार को नवनिर्मित रास्ते का समारोह के रूप में लोकार्पण किया गया। हरिहरपुर गाँव के चहेटू राम एयर इंडिया में इंजीनियर थे । मुंबई में कार्यरत होंने के दौरान वें जब भी अपने गांव आते तो घर तक आने जाने के लिए बस्ती में कोई रास्ता नही था । जिसके कारण ग्रामीणों को भी दिक्कत होती थी । ग्राम पंचायत की उदासीनता से ना खुश होकर उन्होंने उक्त रास्ते का अपने निजी धन से निर्माण कराया। उक्त रास्ते का फीता काटकर पूर्व प्रधान शिव बालक यादव नें लोकार्पण किया । इस अवसर पर ठाकुर प्रसाद पाण्डेय, जितेंद्र पाण्डेय, अनिल , अशोक , आलोक दूबे , रमेश दूबे , शिशिरकांत , अरुण , नागेश , गोपालराम एवं आनंद प्रकाश श्रीवास्तव सहित हरिजन बस्ती के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## अभिषेक दूबे का हुआ कस्टम इंस्पेक्टर पद पर चयन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर के केरांव गांव के निवासी अभिषेक दुबे का चयन कस्टम इंस्पेक्टर (प्रिवेन्टिव ऑफिसर) के पद पर हुआ है। यह सफलता उन्हें कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त स्नातक स्तर 2022 की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर मिली है। जिसका परिणाम सोमवार को घोषित हुआ। अभिषेक वाराणसी से डीएवी पब्लिक स्कूल से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त तथा पूर्वांचल विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग के परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद आगे की परीक्षाओं के लिए तैयारी कर रहे थे। यह सफलता उन्हें दूसरे प्रयास में प्राप्त हुई है। वर्तमान में वह इनकम टैक्स डिपर्टमेंट में टैक्स असिस्टेंट के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने सफलता का श्रेय अपने माता–पिता तथा भाइयों और मौसा विष्णु दत्त तिवारी को दिया। क्षेत्र के लोहगाजर गांव निवासी व वरिष्ठ भाजपा नेता आमोद सिंह (रिंकू) विपिन दूबेए अनिल दूबे गोलू दूबे सहित अन्य क्षेत्रीय लोगों ने उनको बधाई दी है।

### महिला ने लगाया थानाध्यक्ष पर घर में घुसकर मारने पीटने का आरोप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थानाध्यक्ष जलालपुर पर जमालपुर गांव निवासी एक महिला ने विपक्षियों के साथ घर में घुसकर मारने पीटने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि थानाध्यक्ष विपक्षियों के साथ मिलकर घर में घुसकर मुझे मारा पीटा ।तथा मेरा बाल पकड़ कर घसीट कर घर से बाहर कर दिए ।इस मामले की शिकायर महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल तथा एस एस पी को दिया है। उक्त गांव निवासी माला देवी ने बताया कि कुछ माह पूर्व जमीनी विवाद के चलते पड़ोसियों ने मुझे मारा पीटा था। मारपीट का मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। उक्त मुकदमे में सुलह समझौता के लिए पड़ोसी बार–बार दबाव बना रहे हैं और तरह– तरह की धमकी देते रहते हैं । इस बात की लिखित शिकायत मेरे द्वारा कई बार थाने पर किया गया। परंतु दबंग पड़ोसियों के विरुद्ध पुलिस कोई कार्यवाही नहीं करती उल्टे मुझे ही डांट कर भगा देती है।माला देवी पत्नी ने कहा कि बार–बार प्रार्थना पत्र देने से थानाध्यक्ष नाराज हो गयें।27 अक्टूबर को थानाध्यक्ष जितेंद बहादुर सिंह मेरे विपक्षी के घर पहुंच गए। उसके बाद विपक्षियों के साथ थानाध्यक्ष मेरे घर पर आए और मुझे डांटने फटकारने लगें । मै घर के अंदर चली गई तो सभी लोग घर के अंदर घुस गए और मुझे मारे पीटे।

# हक हमारा भी तो है अभियान की शुरूआत कर जेल में बंदियों का डाटा किया जा रहा फीड

जौनपुर सू.वि.:राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में 31 अक्टूबर 22 से 13 नवम्बर 22 तक (i) "Empowerment of Citizens through Legal Awaeness and Outreach" (ii) "Haq hamara bhi hai @75" के अन्तर्गत अभियान संचालित किया जा रहा है। सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर विवेक विक्रम द्वारा बताया गया कि प्रत्येक बन्दी को कानूनी हक की जानकारी दी जानी है। बन्दी के परिजनों की स्थिति, बन्दी की बीमारी, परिजनों व बच्चों की बीमारी, बच्चों की पढ़ाई के बारे में जानकारी एकत्र कर फार्म भरवाये जा रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से गठित टीम में अधिवक्तागण सुनील कुमार शुक्ला, अवधेश पाण्डेय, अखिलेश कुमार, मृदुल कुमार यादव पी0एल0वी0 गण सुरेश यादव, राहुल कन्नौजिया, रूपेश कुमार सेठ, सुबाष चन्द्र यादव ने एक–एक बन्दी से जानकारी एकत्र कर फार्म भरवाने के बाद बन्दियों की डाटा फिडिंग का कार्य शुरू कर दिया। जेल अधीक्षक एस. के. पाण्डेय द्वारा बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बन्दियां एवं उनके परिजनों के बारे में समस्त जानकारी एकत्र कर डाटा फिडिंग का कार्य किया जा रहा है। जिसकी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट भेज दी गयी है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु की गयी बैठक

जौनपुर सू.वि.: उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के कुशल निर्देशन में 12 नवम्बर 2022 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर के अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में अधिवक्तागण से विचार विमर्श हेतु प्री–ट्रायल बैठक पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर भुदेव गौतम, की अध्यक्षता एवं सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर विवेक विक्रम के संयोजन में 02 नवम्बर 2022 को न्यायालय/कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर में समय दोपहर 2:30 बजे आयोजित की गयी। बैठक में विचार–विमर्श करते हुए पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण जौनपुर भुदेव गौतम द्वारा मोटर दुर्घटना दावा के अधिवक्ताओं को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित वादों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह–समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण कराये जाने का आह्वान किया गया तथा कहा गया कि समझौता पत्र मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में प्रस्तुत कर वादों का निस्तारण कराया जा सकता है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आप अधिकरण से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। उनके द्वारा नियमानुसार पूर्ण सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक विक्रम द्वारा उपस्थित समस्त अधिवक्तागण से अपील की गयी कि अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराकर लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। उपस्थित अधिवक्ता गण द्वारा अधिकतम वादों के निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर लोक अदालत हेतु गठित एम0ए0सी0टी0 पीठ के सदस्य अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव व अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## बीईओ ने छः विद्यालयों का किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मापुर अरविंद यादव ने ब्लॉक क्षेत्र के छः प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में दो प्राथमिक विद्यालयों में डीबीटी कार्य पूर्ण न पाए जाने पर नाराजगी जताई तथा उसे जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया। खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मापुर अरविंद यादव मंगलवार को ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सम्मोपुर कला पर पहुचे जहां पर शिक्षक तो सभी उपस्थित मिले लेकिन जब विद्यालय के बच्चों के डीबीटी के कार्य की जानकारी ली गई तो प्रधानाध्यापिका गीता देवी ने बताया कि अभी 18 डीबीटी प्रक्रिया बाकी है। जिस पर बीईओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापिका गीता देवी को अपूर्ण डीबीटी कार्यो के लक्ष्य को प्रेणना पोर्टल पर प्रमाणिकरण करते हुए जल्द से जल्द डीबीटी के अधूरे कार्यो को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वही प्राथमिक विद्यालय कलन्दरपुर में भी 28 डीबीटी कार्य अधूरे मिलें। जिस पर प्रभारी प्रधानाध्यापक को जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बीईओ ने कंपोजिट विद्यालय सुल्तानपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय सम्मोपुर कला, प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर कांध व पहेतियाँ में भी निरीक्षण किया। जहां सभी शिक्षक उपस्थित मिले। निरीक्षण के बारे में पूछे जाने पर बीईओ अरविंद यादव ने कहा कि विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्राथमिक विद्यालय सम्मोपुर कला व कलन्दरपुर में डीबीटी प्रक्रिया पूर्ण नही मिले। जिस पर उक्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को समय से डीबीटी प्रक्रिया पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया है।

## 25 मरीजों का हुआ निशुल्क आंख की जाँच

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के ग्राम पंचायत सवंसा के पंचायत भवन में दृष्टि आई केयर जौनपुर द्वारा 40 से 50 साल के ऊपर के 25 महिलाओं पुरुषों का जांच आई स्पेस्लिस्ट डॉक्टर शैलेंद्र कुमार द्वारा किया गया और 4 लोगों को ऑपरेशन के लिए कहा गया साथ ही आंख को सुरक्षित रखने के सुझाव व तरीके बताएं और निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया।मौके पर ग्राम प्रधान पति यादवेंद्र प्रताप उर्फ लवकुश सिंह आकाश कुमार अज्जू निहाल दयाल सहित डॉक्टरों की टीम मौजूद रही।

## गरिमा का हुआ आडिटर पद पर चयन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पिपरौल निवासी गरिमा पांडेय का चयन केंद्रीय एजेंसी कैग में आडीटर पद पर हुआ है। यह सफलता उन्हें कर्मचारी चयन आयोग की स्नातक स्तरीय परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर मिली है, जिसका परिणाम सोमवार को घोषित हुआ है।गरिमा केएनआइ सुल्तानपुर से विज्ञान वर्ग से स्नातक करके वहीं तैयारी कर रही थीं। बचपन में ही उनकी माँ का देहांत हो गया तो पिता ने दूसरा विवाह कर लिया। गरिमा की पढ़ाई–लिखाई उनके ननिहाल वालों ने कराई। उनकी इस सफलता पर नाना कपिलदेव मिश्र, मामा आदर्श मिश्र जो साउथ अफ्रीका के साओ–पालो स्थित भारतीय दूतावास में अवर सचिव पद पर कार्यरत हैं, अमित मिश्र,बबलू उपाध्याय आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## गोपाष्टमी पर हुआ गो माता का पूजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गोपाष्टमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला गौसेवा प्रमुख चंद्रेश कुमार मिश्र के नेतृत्व मे पूराराम सहाय मे गो माता का पूजन अर्चन कर प्रसाद का वितरण किया गया ।उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए जिला गो सेवा प्रमुख ने कहा कि श्री कृष्ण गौसेवा के कारण ही गोपाल कहलाए ।कृषि प्रधान देश मे गोपालन का विशेष महत्व सदा से ही रहा है ।गो माता के दूध, घी,गोबर आदि के बिना हमारा कोई धार्मिक अनुष्ठान पूरा नही होता है ।गाय के मूत्र से ऐसी दवाए बनती है जो फसलो मे लगने वाले रोगो और कीटाणुओ को नष्ट करने मे सहायक सिद्ध हुई हैं ।बड़े गोशालाओ मे तमाम ऐसी दवा बनाई जाने लगी है जो विभिन्न रोगो मे लाभदायक सिद्ध हुई हैं ।हम सब को इस दिशा मे गो वंश के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में सक्रिय योगदान की आवश्यकता है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश मौर्य ने किया ।इस अवसर पर अवनीश मिश्र, वंशराज, कल्पनाथ मिश्र आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# प्रशासनिक टीम की छापेमारी में दो अल्ट्रासाउंड सेंटर मिले बंद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मंगलवार को एस डी एम और डिप्टी सी एम ओ के नेतृत्व में नगर के अल्ट्रा साउंड सेंटरों पर छापेमारी की गई ।हंस अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया गया जबकि शिखा और राधे अल्ट्रासाउंड सेंटर बंद मिला। मंगलवार को दोपहर बाद उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया,डिप्टी सी एम ओ डा अजय कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी अतर सिंह प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक ने नगर के अल्ट्रासाउंड सेंटर पर अचानक पहुंचे ।हंस अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया तो वहा कोई मरीज नही मिला। रेडियोलाजिस्ट डा ए के मिश्रा मौजूद रहे। सेंटर की वैधता संबंधित सभी अभिलेखों को सही पाया गया ।इसके बाद उक्त अधिकारी जब शिखा अल्ट्रासाउंड सेंटर पर पहुंचे तो वहां ताला लगा हुआ था ।पास में ही स्थित राधे अल्ट्रासाउंड सेंटर भी बंद मिला ।उक्त बंद सेंटरों के बारे में आस पास पूछताछ कर उक्त अधिकारी वापस लौट आए।

# प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला को एंबुलेंस में ही कराया सुरक्षित प्रसव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोल्हुआ निवासी हिमांगी उपाध्याय पत्नी कृष्णा उपाध्याय की अचानक प्रसव पीड़ा से कराहने लगी ।परिजन



102 पर डायल किया । घर पहुंची एम्बुलेंस से परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जा रहे थे ।रास्ते में ही प्रसव होने लगा ।तैनात इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन सूर्यप्रताप सिंह ने गाड़ी में ही सुरक्षित प्रसव करा दिया जच्चा बच्चा सुरक्षित है। गूंजती किलकारी से परिजन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन सूर्यप्रताप सिंह और पायलट शिव कुमार पाण्डेय की सराहना किया।

# घंटे भर आतिशबाजी के साथ रंगारंग कार्यक्रम के बीच बदलापुर महोत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नये भारत में नवयुग का नव निर्माण है मंदिर गाकर अपनी सुरीली आवाज में बदलापुर महोत्सव के मुख्य अतिथि आजमगढ़ के दिनेश लाल निरहुआ ने महोत्सव का आगाज किया। उन्होंने कहा कि आज से बीस वर्ष पहले हमनें जो गाना गाकर जनता के बीच विकास करने का वायदा किया था उस सपने को सार्थक किया! आज सांसद बनकर उसे पूरा कर रहा हूँ। हमने वादा किया था श्रीमान जी यदि आप सब का वोट यदि हम पाएंगे,कोई जो नहीं किया वो करके दिखायेंगे। बुड्ढी और बुड्ढा को पेंशन दिलाएंगे उसे आज साकार कर रहा हूँ। सांसद यादव ने कहा कि देश को यदि कोई विश्व गुरु बनाएगा तो वह हैं देश के सच्चे सपूत नरेंद्र मोदी जी। निरहुआ ने कहा कि गाने में मैने यह भी कहा था कि गाँव की भाषा हम संसद में उठाएंगे! वैसा ही किया सदन में पहली ही बार मैने भोजपुरी को राष्ट्र भाषा का दर्जा दिलाने के लिए प्रधानमंत्री से मांग किया। शीघ्र ही भोजपुरी को भी राष्ट्र भाषा का दर्जा दिलाएंगे। कार्यक्रम को ग्राम्य विकास की राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने संबोधित करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार जाति पाती से ऊपर उठकर सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर काम कर रही है। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाया ।इसके पूर्व कार्यक्रम के आयोजक विधायक रमेशचन्द्र मिश्र ने सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ को स्मृति चिन्ह,अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। प्रणव सिंह ने राजतिलक की करो तैयारी, संग में लक्ष्मण,जनक दुलारी,अवध में राम आये है सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आदर्श मिश्रा (हरिहरपुर घराना आजमगढ़) ने भी खूब वाहवाही लूटी। इसके पूर्व लखनऊ से आये कलाकारों ने गंगा गोमती आरती,शिव तांडव की प्रस्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

# तीन हैकरों को हायर कर 18 महीने में एक करोड़ खर्च कर रची थी 146 करोड़ हड़पने साजिश

लखनऊ ब्यूरो : उत्तरप्रदेश कोआपरेटिव बैंक के खाते से 146 करोड़ रुपये हड़पने की साजिश 18 महीने पहले रची गई थी। इसके लिए बिल्डर गंगा सागर चौहान, मास्टर माइंड ध्रुव व रामराज व गिरोह के कुछ अन्य सदस्यों ने मिलकर एक करोड़ रुपये खर्च कर तीन हैकर हायर किये और 6 डिवाइस, 3 की–लागर साफ्टवेयर खरीदा था। वहीं तीन बैंक के अधिकारियों की मदद से सर्वर को हैक कर 146 करोड़ रुपये खाते से उड़ाये थे। यह खुलासा मंगलवार को एसटीएफ की गिरफ्त में आये दो मास्टर माइंड सहित पांच आरोपियों ने पूछताछ में किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि इस बड़े हेराफेरी के लिए बैंक के अधिकारी व कर्मचारी के अलावा बाहरी मिलाकर 25 व्यक्तियों की पांच टीमें बनाई गई थी। सभी के काम अलग–अलग बांट दिये गये थे। कार्यवाहक एसएसपी एसटीएफ विशाल विक्रम सिंह के मुताबिक साइबर हैकरों ने सर्वर को हैक कर, प्रबंधक व कैशियर के लागिन आइडी पासवर्ड प्राप्त किया। इसके बाद सिस्टम को रिमोट एक्सिस पर लेकर एनएडी अनुभाग में खुले 7 खातों से 08 बार लेन–देन कर 146 करोड़ के आरटीजीएस करके ठगी का प्रयास किया गया था। इस मामले में एसटीएफ की टीम ने दो मास्टर माइंड सहित पांच लोगों को पालीटेक्निक चौराहे के पास से सोमवार देर रात को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये मास्टर माइंड में लोक भवन के गृह अनुभाग में तैनात व पारा के गायत्रीनगर का अनुभाग अधिकारी रामराज और शाहजहांपुर के न्यू कालोनी लोधीपुर का मूलरुप से रहने वाले कृष्णानगर के अलीनगर सुनहरा निवासी ध्रुव कुमार श्रीवास्तव शामिल है। इसके अलावा आशियाना के शारदानगर रतनखंड का रहने वाला कोआपरेटिव बैंक सीतापुर महमूदाबाद का सहायक प्रबंधक कर्मवीर सिंह, कानपुर नौबस्ता का आकाश कुमार श्रीवास्तव और मूलरुप से औरंगाबाद बिहार के जगरनाथ विघा का लखनऊ के रूचिखंड रायबरेली रोड निवासी भूपेंद्र सिंह शामिल हैं। एसटीएफ ने इन आरोपियों के पास से एक बैंक का पहचान पत्र, 25 सेट आधार कार्ड, दस्तखत किये ब्लैंक चेक, 25 सेट निवास प्रमाण पत्र, सादे स्टाम्प पेपर, 8 मोबाइल, 7 डेबिट कार्ड, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, एक मेट्रो कार्ड, एक निवार्चन कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस, 15390 रुपये नकदी, 25 सेट हाईस्कूकल व इंटर के प्रमाण पत्र व अंक पत्र, एक चार पहिया वाहन और दो बाइक बरामद की है। 300 करोड़ रुपये उड़ाने की थी साजिश, मुंबई से बुलाया था हैकर एसएसपी एसटीएफ विशाल विक्रम सिंह के मुताबिक पकड़े गये मास्टर माइंड ध्रुव श्रीवास्तव ने पूछताछ में कुबूल किया कि वह मई 2021 में लखनऊ अपने मित्र ज्ञानदेव पाल के साथ आया था। जहां आकाश कुमार से मुलाकात हुई। आकाश के जरिए ज्ञानदेव व ध्रुव एक ठेकेदार से मिले। उसने बताया कि मेरे पास एक हैकर है। यदि हम लोग बैंक के किसी अधिकारी को सेट कर लें तो बैंक के सिस्टम को रिमोट एक्सिस पर लेकर हम लोग लगभग 300 करोड़ रूपये अपने फर्जी खातों में ट्रांसफर कर लेंगे। इसके बाद हम लोगों की मीटिंग भूपेंद्र सिंह के माध्यम से उप्र कोआपरेटिव बैंक लि. महमूदाबाद के सहायक प्रबंधक कर्मवीर सिंह से हुई। इसके बाद मुंबई से एक हैकर को बुलाया गया। जिसको होटल कंफर्ट जोन चारबाग में ठहराया। हैकर ने एक डिवाइस तैयार की। जिसको कर्मवीर सिंह व ज्ञानदेव पाल डिवाइस को बैंक के सिस्टम में लगाते रहे। आठ बार डिवाइस लगाने में नहीं मिली सफलता एसटीएफ एसएसपी के मुताबिक पूछताछ में ध्रुव ने बताया कि डिवाइस लगाने का 8 बार प्रयास किया गया पर सफलता नही मिली। इसी बीच इनकी मुलाकात लोक भवन में तैनात अनुभाग अधिकारी रामराज से हुई। इन्हीं की टीम में उमेश गिरी था, जिसने पूर्व प्रबंधक आरएस दुबे से संपर्क किया। 14 अक्तूबर शुक्रवार को आरएस दुबे, रवि वर्मा व ज्ञानदेव पाल शाम 6 बजे के बाद बैंक गये, कीलागर इंसटॉल कर डिवाइस लगायी। दूसरे दिन सुबह 15 अक्तूबर शनिवार सुबह पांच टीमों के करब 25 लोग के साथ केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पास पहुंचे। वहां से रवि वर्मा और पूर्व प्रबंधक आरएस दुबे बैंक के अंदर गये। पूर्व प्रबंधक व रवि ट्रांजेक्शन के दौरान निकाल देते थे डिवाइस ध्रुव ने एसटीएफ की पूछताछ में कुबूल किया कि बैंक के अंदर पूर्व प्रबंधक आरएस दुबे व रवि वर्मा गये थे। क्योंकि जब बाहर से ट्रांजेक्शन होता है तो वह लोग सिस्टम में इंसटाल साफ्टवेयर को अनइंसटाल कर देते, फिर सिस्टम में लगे डिवाइस व बैंक में लगे डीवीआर को निकाल लेते थे। लेकिन गार्ड ने उनको अंदर टोक दिया। इसके बाद वापस आ गये। लंच के बाद ज्ञानदेव पाल, उमेश गिरी, बैंकर व साइबर एक्सपर्ट के साथ मिलकर 146 करोड़ रुपये गंगा सागर सिंह के कंपनियों के अलग–अलग खातों में आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिये। ढाबे पर रुककर रुपये ट्रांसफर का कर रहे थे इंतजार एसएसपी एसटीएफ विशाल विक्रम के मुताबिक आरोपियों ने रकम गंगा सागर चौहान के खाते में आरटीजीएस करने के बाद लखनऊ–अयोध्या हाइवे पर बाराबंकी स्थित ब्रेक प्वाइंट ढाबे पर गये। वहां दो–तीन घंटे तक रुके और गंगा सागर चौहान के खाते में रकम ट्रांसफर होने का इंतजार कर रहे थे। लेकिन रुपये गंगा सागर के खाते में ट्रांसफर नहीं हुए। वहीं गंगा सागर का खाता भी फ्रीज कर दिया गया। ध्रुव ने पुलिस के सामने कुबूल किया इसके बाद वह नैनीताल भाग गया। वहीं अन्य लोग भी अपने छिपने के ठिकाने पर चले गये। एक साल में हैकर पर खर्च किये 30 लाख रुपये एसएसपी एसटीएफ के मुताबिक जालसाजों का यह गिरोह 146 करोड़ की हेराफेरी के लिए 18 महीने से लगातार प्रयास कर रहे थे। मास्टर माइंड ध्रुव ने बताया कि उसने हैकर व गिरोह के अन्य सदस्य लगातार चारबाग इलाके के होटल में रुकते थे। एक साल तक लगातार कमरे बुक होते थे। एक साल में हैकरों व अन्य लोगों को रुकने के लिए 30 लाख रुपये खर्च किये। इसके अलावा 15 से 20 लाख रुपये और खर्च किये गये। इसके अलावा डिवाइस के लिए गिरोह के गंगा सागर चौहान, मास्टर माइंड रामराज, पूर्व प्रबंधक आरएस दुबे, सहायक प्रबंधक कर्मवीर सिंह सहित कुछ अन्य सदस्यों ने मिलकर 50 लाख रुपये खर्च किये थे। इस बात की पुष्टि एसटीएफ गिरफ्त में आये अन्य चारों आरोपियों ने भी की है। नौकरी के नाम पर ठगी का भी हुआ खुलासा एसएसपी एसटीएफ विशाल विक्रम सिंह के मुताबिक उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक के 146 करोड़ रुपये की हेराफेरी के मामले में लोक भवन में तैनात अनुभाग अधिकारी रामराज भी गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ में एसटीएफ को नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा हुआ। आरोपी रामराज के पास से 130 बेरोजगारों के अंक पत्र व प्रमाण पत्र भी मिले। रामराज ने बेरोजगारों को सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगे। पूछताछ में अनुभाग अधिकारी रामराज ने बताया कि उसने अपने साथी विनय गिरी से मिलकर 130 से अधिक बच्चों को सरकारी विभागों रेलवे में ग्रुप सी व डी, हाईकोर्ट, एनटीपीसी, टीजीटी, पीजीटी, एनम आदि में नौकरी दिलाने के नाम पर वसूली की है। उनके यह प्रमाण पत्र सिक्योरिटी के तौर पर अपने पास रख लिया था।

## जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की अनुज वधू : पंच तत्व में विलीन

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल के अनुज राजकुमार पटेल की धर्म पत्नी श्रीमती रीमा पटेल 36 ,का शनिवार सायंकाल हृदय गति रुक जाने से देहावसान हो गया, अन्तिम संस्कार महराजगंज के जोगिया बारी घाट पर किया, गया/अन्तिम संस्कार मे पैतृक गांव राज पुर खुर्द के उमड़े जन समूह ने अश्रपूर्ण श्रद्धांजलि दी/मुखाग्नि राज कुमार पटेल ने दी/18 वर्षीय आर्यन इकलौते पुत्र हैं / राज कुमार पटेल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के मझले भाई है/अन्तिम संस्कार में जिला अध्यक्ष महाराजगंज भारतीय जनता पार्टी समीर त्रिपाठी, जिला मंत्री प्रदीप सिंह, खंड विकास खंड विकास



अधिकारी अमर नाथ पाण्डेय, एआरपी एसोसिएशन के प्रदेश मंत्री एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, शाहगंज प्रशांत मिश्र ने पहुँच कर गहरी शोक संवेदना वयक्त की/ए आर पी राजू सिंह, प्रधानाध्यापक दयाशंकर यादव, ग्राम प्रधान राजपुर खुर्द राम बिलास प्रसाद, ग्राम प्रधान मुडिला राम बिलास निषाद,सहित भारी संख्या में लोगों ने अन्तिम संस्कार में शरीक होकर शोक संवेदना व्यक्त की।

# चौदह कोसी परिक्रमा को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन अलर्ट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंगलवार को जहां देर रात बारह बजे के बाद चौदह कोसी परिक्रमा के दौरान जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती थी।वहीं इसी कड़ी में मंगलवार को पूरे दिन जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मी संबंधित अधीनस्थ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए दिखाई दिये।इस मौके पर मंगलवार को चौदह कोसी परिक्रमा वाले अधिकतर मार्गों पर हुये गड्ढों को बालू से ढक कर गड्ढ मुक्त किया जा रहा था।जिसके चलते बालू का ढेर चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर जगह जगह दिखाई दे रहा था।वहां से गुजरने वाली मुख्य रास्ता नाका, जनौरा सहादतगंज के अलावा अफीम कोठी सहित अन्य मार्गो को दुरुस्त किया जा रहा था।जिस मार्ग के बीच बीच मे गड्ढे दिखाई दे रहे थे।उन मार्गों पर अगर देखा जाए तो जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन जहां एक ओर 14 कोसी परिक्रमा की तैयारियों को लेकर एक सप्ताह से बैठक कर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये कि चौदह कोसी व पंचकोसी परिक्रमा करने के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो।इसको लेकर बीच–बीच में बैठक कर मंडलायुक्त व जिलाधिकारी संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण भी कर रहे थे।परंतु जब आज मंगलवार को 14 कोसी परिक्रमा शुरू होने में महज कुछ घंटे बाकी थे वही 14 कोसी परिक्रमा वाले मार्गों पर अव्यवस्था ही दिखाई दिया।उस व्यवस्था को दूर करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी एड़ी चोटी एक किए हुए थे।जिसका जीता जागता उदाहरण अफीम कोठी के पीछे उस रास्ते पर दिखा जहां से 14 कोसी परिक्रमा लाखों श्रद्धालु करते है।जहां पर सड़कों के बीच बीच में गड्ढे पाए गए और उन गड्ढों को भरने का काम तेजी से वह भी अंतिम रूप देने का कार्य संबंध विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मजदूरों से करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए नजर



आ रहे थे इसी तरह 14 कोसी परिक्रमा मार्ग में व्यवस्था ही दिख रही थी जबकि अगर देखा जाए तो उस समय 14 कोसी परिक्रमा प्रारंभ होने में कुछ ही घंटे बाकी से मालूम कोई 14 कोसी परिक्रमा आज रात 12:00 बज कर 12:00 बजे के बाद प्रारंभ होगी लेकिन दोपहर 1:00 बजे के बाद तक आज तक परिक्रमा मार्ग को दुरुस्त करने में संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी वहां पर लगे मजदूरों को आवश्यक दिशा निर्देश देते कुल मिलाकर 14 कोसी परिक्रमा के लिए जहां श्रद्धालु मंगलवार को पहुंचकर 14 कोसी परिक्रमा करने के लिए आतुर हो रहे थे वहीं दूसरी ओर 14 कोसी परिक्रमा को दुरुस्त कराने के लिए अंतिम रूप देने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों पर चिंता की लकीरें भी छलक रही थी जिसके चलते हुए किसी तरीके से 14 कोसी परिक्रमा वाले मार्ग पर पड़ने वाले गड्ढों में बालू डालकर को किसी तरह उस मार्ग को गड्ढा मुक्त करने में लगे रहे। वही पुलिस प्रशासन भी इस दौरान कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहता। वही चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर ड्रोन कैमरा लगा है।वही परिक्रमा पथ के 6 संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन से निगरानी होगी। वही परिक्रमा पथ के जनौरा के पास सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने अपने अधीनस्थ पुलिस टीम के साथ मंगलवार को दोपहर ड्रोन की निगरानी का रिहर्सल किया गया। वही रात 12:48 से 14 कोसी परिक्रमा शुरु होगी। मालूम हो कि लगभग 42 किलोमीटर की परिधि में चौदह कोसी परिक्रमा होती है।

# गोसाईंगंज विधायक अभय सिंह द्वारा भेजे गये प्रस्ताव में कई सड़कों के निर्माण की मिली स्वीकृति

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले की सबसे बड़ी विधानसभा गोसाईगंज विधानसभा में जर्जर सड़कों की मौजूदगी पिछले 5 वर्षों से पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी थी।जनता की नाराजगी क्षेत्र के विकास के संबंध में तब और जगजाहिर हुई जब भाजपा अपना दल गठबंधन से बने विधायक इन्द्रप्रताप तिवारी द्वारा सड़कों के निर्माण व क्षेत्र के विकास के सापेक्ष कोई काम न करने से 2022 के चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा,वहीं समाजवादी पार्टी से पुनः विधायक चुने गये अभय सिंह द्वारा क्षेत्र के विकास को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए जनसुविधा के आधार पर अपने एजेंडे पर लग गये। इस संबंध में विधायक अभय सिंह नें बताया क्षेत्र की कई सड़कों का प्रस्ताव उनके द्वारा भेजा गया था, जिनमें कई सड़कों का प्रस्ताव पास भी हो चुका है, टेंडर भी दिया जा चुका है शीघ्र ही जर्जर सड़कों के निर्माण का कार्य शुरू होगा।उन्होंने यह भी बताया जिन सड़कों का प्रस्ताव इस बार नही पास हुआ उनको मार्च में पास कराकर क्षेत्र में सम्पूर्ण सड़कों को सही कराया जायेगा।उनके द्वारा जानकारी दी गई सबसे लंबी सड़क जो अपनी जर्जरता के कारण चर्चा का



विषय बनी थी चौरे बाजार से हैदरगंज मार्ग लंबाई लगभग 12 किमी का भी प्रस्ताव पास हो चुका है, टेंडर भी हो चुका है।

# अलीगढ़ के एएमयू व विश्वविद्यालय जर्मनी ने किया ज्ञान का आदान–प्रदान

अलीगढ़ ब्यूरो : फर्न विश्वविद्यालय हेगन जर्मनी में सांस्कृतिक और सामाजिक विज्ञान संकाय के डीन और गैर यूरोपीय इतिहास के प्रो. डॉ. जुर्गन जी नागेल व जर्मन विद्वानों ने एएमयू का दौरा किया। विवि जर्मनी और एएमयू ने ज्ञान का आदान–प्रदान किया। जर्मन भाषा का अध्ययन करने वाले एएमयू के एक पूर्व छात्र के सहयोग से आयोजित इस दौरे में 28 जर्मन प्रोफेसरों और छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने ऐतिहासिक महत्व के सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान–प्रदान कार्यक्रमों में अनुसंधान के अवसरों पर चर्चा की। प्रो. नागेल ने कहा कि भारत–जर्मनी संबंधों में विकास की काफी संभावनाएं हैं। दोनों देशों में शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र शीर्ष स्तरीय संस्थानों के साथ संपन्न हो रहा है। यह उचित समय है कि हम एक साथ एएमयू–जर्मनी संबंधों की खोई हुई ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को पुनः प्राप्त करने के लिए काम करें। अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संकाय के डीन प्रो. जावेद इकबाल ने कहा कि यह आदान–प्रदान वास्तव में संयुक्त सहयोगी गतिविधियों के माध्यम से यहां के शिक्षकों और जर्मन भाषा के एएमयू छात्रों के लिए एक बड़ा अवसर होगा। सर सैयद अकादमी के उप निदेशक डॉ. मोहम्मद शाहिद ने प्रो. नागेल को क्रिश्चियन डब्ल्यू ट्राल कि पुस्तकें भेंट कीं। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने इतिहास विभाग के पुरातत्व अनुभाग, सर सैयद हाउस, स्ट्रेची हॉल, विक्टोरिया गेट, विश्वविद्यालय मस्जिद और मूसा डकरी संग्रहालय सहित अन्य स्थानों का भ्रमण कराया।

# दसवीं के मॉडल प्रश्न पत्र वेबसाइट पर जारी : पूछे जाएंगे 20 नंबर के बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रयागराज ब्यूरो : यूपी बोर्ड परीक्षा 2023 के लिए दसवीं का मॉडल प्रश्न पत्र जारी कर दिया गया है। प्रश्नपत्र उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेसबाइट पर उपलब्ध है। 70 अंकों की परीक्षा में 20 नंबर के बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षार्थियों को ओएमआर शीट पर नीले या काले पेन से सही उत्तर के सामने का गोला भरना होगा। अधिकांश विषयों के मॉडल पेपर की पीडीएफ फाइल मौजूद है। उम्मीद है कि जल्द ही शेष विषयों और कक्षा 9, 11 और 12 वीं के मॉडल पेपर भी जल्द ही जारी कर दिए जाएंगे। परीक्षा के लिए दसवीं और बारहवीं के 58 लाख 67 हजार परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इसमें से 31 लाख दसवीं के हैं। इंटर में 27 लाख अभ्यर्थी हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार लगभग 6 लाख अभ्यर्थी बढ़े हैं। प्रश्नपत्र दो खंड अ और ब में विभाजित होगा। पहले खंड में सिर्फ बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे, जो एक अंक के होंगे। इसके लिए एक घंटे का समय निर्धारित होगा। जबकि दूसरे खंड में वर्णनात्मक प्रश्नों को हल करने के लिए दो घंटे का समय मिलेगा। हर प्रश्न के सामने निर्धारित अंक लिखा रहेगा। प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट मिलेंगे।

# यातायात पुलिस एप्प का करें प्रयोग – अभिमन्यु शुक्ला

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वाहन स्वामी व वाहन चालक सुगम यातायात के लिये यातायात पुलिस एप्प का प्रयोग करें।इस एप्प के माध्यम से वाहन स्वामी व वाहन चालक यातायात पुलिस कार्यालय व आरटीओ विभाग कार्यालय पर बिना गये अपने एंड्रॉयड फोन व एपल स्टोर पर यातायात पुलिस एप्प को अपलोड कर इस एप्प का लाभ उठा सकते हैं।यह जानकारी यातायात माह दिवस के प्रथम दिन सहादतगंज चौराहे पर यातायात निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला ने वहां पर मौजूद छात्र छात्राओं व उधर से गुजर रहे वाहन स्वामियों को दिया।उन्होंने इस मौके पर बताया कि आप सभी वाहन चालक अपने अपने मोबाइल पर यातायात पुलिस एप लोड करके इस ऐप के माध्यम से यातायात जाम और दुर्घटनाओं से संबंधित आपात स्थिति की जानकारी आपको समय रहते पता चल जाती जाएगी।जिसके चलते आप जब कहीं अपने वाहन से इस ऐप को डाउनलोड कर निकलेंगे तो जाम की स्थिति या दुर्घटना से संबंधित इसकी जानकारी होने पर आप उधर से ना जाकर एप्प द्वारा बताए हुए दूसरे रास्ते से जाएंगे तो इससे आपका समय और धन दोनों की बचत होगी।सड़क सुरक्षा यातायात माह दिवस के दौरान यातायात निरीक्षक अब अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि वाहन स्वामी अपने किसी तरह की यातायात संबंधी समस्या व अपने सुझाव को इस ऐप के माध्यम से भेज सकते हैं।वहीं क्षेत्र में नो पार्किंग जोन तो बारे में इस ऐप के माध्यम से सूचना मिल सकती है।इस मौके पर यातायात निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला व वहां पर मौजूद अन्य यातायात कर्मियों ने इधर से गुजर रहे वाहन चालकों व छात्राओं को यातायात नियम संबंधित पंपलेट बांटकर यातायात संबंधी जानकारी को बांटते हुए नजर आए।इस मौके पर यातायात कर्मियों में यातायात उप निरीक्षक ओम प्रकाश चौरसिया, यातायात उप निरीक्षक चंद्र मोहन पांडेय, यातायात उप निरीक्षक प्रमोद लहरी,हेड कांस्टेबल जय शंकर पांडे,कांस्टेबल जनार्दन होमगार्ड अमर बहादुर सिंह, अनिल तिवारी विजय बहादुर सिंह मौजूद रहे।

# 34 वीं पीएसी वाहिनी वाराणसी में सेवानिवृत्ति विदाई समारोह हर्षोल्लास पूर्वक हुआ सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 34 वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी में वाहिनीं के 'कान्फ्रेंस हाल' में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए पीसी शारदानन्द शाही व मु0आ0 राम जनम सिंह का भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर सेनानायक डा0 राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस द्वारा पीएसी परिवार की तरफ से उक्त अधिकारियों के सराहनीय सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई तथा उन्हें प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। इस मौके पर आयोजित भव्य विदाई समारोह में विनोद कुमार उप सेनानायक, ब्रजेश कुमार, दल नायक बी दल, वरुण तिवारी, दलनायक सी दल बदन यादव, दलनायक जी दल, रणजीत कुमार तिवारी सुबेदार मेजर, विन्ध्यवासिनी पाण्डेय सहायक शिविरपाल सहित वाहिनी पीएसी में उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित



रहे। इस मौके पर विदाई समारोह का संचालन सुबेदार मेजर रणजीत तिवारी द्वारा किया गया।उक्त भव्य विदाई समारोह के आयोजन हेतु समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा डा0 राजीव नारायण मिश्र आई.पी. एस. सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी की सराहना करते हुए सहृदय आभार प्रकट किया गया।

# अयोध्या के परिक्रमा मेले में भगदड़ मचने से दर्जन भर घायल : एक की हालत गंभीर

अयोध्या ब्यूरो : अयोध्या में मंगलवार रात शुरू हुई 14 कोसी परिक्रमा ने हनुमान गुफा के पास भगदड़ मचने से दर्जन भर घायल हो गए जिसमें 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात 12:48 से शुरू हुई 14 कोसी परिक्रमा में हनुमान गुफा के पास अचानक भगदड़ मच गई जिसके चलते लगभग दर्जनों लोग घायल हो गए। कुछ घायलों को राजकीय श्रीराम अस्पताल अयोध्या ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनको घर भेज दिया गया। गंभीर रूप से घायल 5 महिलाओं को जिला चिकित्सालय भेजा गया। जिसमें एक की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। घायलों में बिट्टी पत्नी साधु राम अवस्थी आयु 70 वर्ष निवासी किशनगंज जिला बहराइच, रामादेवी पत्नी आज्ञाराम त्रिवेदी आयु 70 वर्ष निवासी बहराइच, कीर्ति कुमारी पत्नी राम नरेश मिश्रा आयु 40 वर्ष निवासी पखरपुर जिला बहराइच, कल्याना पत्नी रामकेवल आयु 60 वर्ष निवासी रामापुर थाना फखरपुर जिला बहराइच, सावित्री पत्नी सुंदरलाल आयु 60 वर्ष निवासी नौसहरा



जनपद बहराइच, भगदड़ में घायल हो गए। जिन्हें 108 एंबुलेंस द्वारा रात्रि 3:30 बजे जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर शिशिर श्रीवास्तव ने घायलों को भर्ती कर उपचार शुरू किया। सावित्री की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। अन्य चार महिलाओं का उपचार जनरल वार्ड में चल रहा है। वहीं, जिला प्रशासन का कोई भी अधिकारी घायलों का हालचाल लेने अभी तक जिला अस्पताल नहीं पहुंचा है।

# नमामि गंगे और गंगा टास्क फोर्स के सदस्यों ने कसी कमरः घाटों पर चलाया स्वच्छता अभियान

वाराणसी ब्यूरो : देव दीपावली के पूर्व घाटों पर सफाई के लिए नमामि गंगे के सदस्यों ने कमर कस ली है। काशी के घाटों को स्वच्छ रखने के लिए बुधवार को राजघाट से नमो घाट तक विशेष सफाई अभियान की शुरुआत हुई । नमामि गंगे व 137 सी ई टी एफ बटालियन (प्रादेशिक सेना) 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स के जवानों ने संयुक्त अभियान चलाकर घाटों की सफाई के साथ जागरूकता की। स्वच्छता अभियान के तहत घाटों पर जगह– जगह फेंके गए कूड़े कचरे को भी नमामि गंगे के सदस्यों व जवानों ने उनके सही स्थान तक पहुंचाया। घाटों पर श्रमदान के बाद वहां उपस्थित पर्यटकों और आम लोगों को गंगा और घाटों स्वच्छ रखने की शपथ भी दिलाई गई। पतित पावनी मां गंगा की अविरल धारा को निर्मलता के साथ बहने और उनको हमेशा स्वच्छ रखने के लिए सभी संकल्पबद्ध हुए। गंगा मैया की जय के बीच नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में सभी ने 'सबका साथ हो, गंगा साफ हो' के नारे संग प्रत्येक काशीवासी को गंगा स्वच्छता से जुड़ने की अपील की संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि गंगा सफाई अभियान के लिए युवाओं और माताओं–बहनों का उत्साह मां गंगा के लिए बड़ा लाभकारी है। स्वच्छता की प्रतिबद्धता के लिए संकल्प, साफ–सफाई और जागरूकता



से अपनी गंगा नित निर्मलीकरण की ओर अग्रसर होंगी। आयोजन का मूल उद्देश्य गंगा से सबको जोड़ना है । उन्होंने कहा कि गंगा स्वच्छता के लिए जन सहभागिता बहुत जरूरी है। आयोजन में प्रमुख रूप से काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला, कर्नल हेमंत गंभीर , सूबेदार शिवेंद व गंगा टास्क फोर्स के जवान सहित नमामि गंगे महानगर संयोजक शिवदत्त द्विवेदी, महानगर सहसंयोजिका सीमा चौधरी, महानगर प्रभारी पुष्पलता वर्मा, हिमांशु गुप्ता , सूर्यांशु शुक्ला आदि शामिल रहे।

# प्रथम राष्ट्रीय महा सम्मेलन एवं चित्रांश गौरव सम्मान छः नवंबर को – डाक्टर अमित श्रीवास्तव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा द्वारा आयोजित प्रथम राष्ट्रीय महा सम्मेलन एवं



चित्रांश गौरव सम्मान छः नवंबर रविवार को गौरव मैरिज हाल निकट शंकरगढ़ बाजार में सम्पन्न होगा। यह जानकारी देते हुए इस कार्यक्रम के आयोजक व अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर अमित श्रीवास्तव व राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेन्द्र माथुर ने संयुक्त रुप से बताया कि यह सम्मेलन तीन सत्र में होगा।प्रथम सत्र प्रातः नौ बजे से अपराह्न एक बजे तक, द्वितीय सत्र दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक तथा तीसरा व अंतिम सत्र शाम छः बजे से होगा।

# कुमारगंज पुलिस ने एक बाल अपचारी सहित दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कुमारगंज थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने चौकी प्रभारी उप निरीक्षक संतोष कुमार मौर्य व अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों द्वारा थाना कुमारगंज में पंजीकृत धारा 323/504/506/342/354 भा0द0वि0 व 7/8, 16/17 पोक्सो एक्ट का वांछित आरोपी सूरज सिंह पुत्र हरिभान सिंह निवासी पिठला थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा 315 बोर,दो जिंदा कारतूस 315 बोर के पिठला चौराहे से हलियापुर बार्डर मार्ग थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या से बरामद किया।वही विकास पुत्र बुद्धि राम निवासीगण पिठला थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या व एक बाल अपचारी कोध्द एक मोटरसाइकिल के साथ शिवनाथपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया।

## कृति पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविदों का दौरा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। इंटरनेशनल एसोसिएशन फार क्वालिटी एजुकेशन और साउथ एशियन इंटरनेशनल एसोसिएशन फार अर्ली चाइल्डहुड केयर ऐंड डवलपमेंट की ओर से लखनऊ में तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में गुणवत्तापरक शिक्षा और कौशल विकास को लेकर विभिन्न देशों की शिक्षा प्रणालियों पर चर्चा की गयी और उनकी मुख्य उत्तम प्रणालियों को अपनाने पर



बल दिया गया। कृति पब्लिक स्कूल भगवानपुर की उत्तम शिक्षा प्रणाली और गतिविधियों का अध्ययन करने नब्बे अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविदों के प्रतिनिधिमंडल ने विद्यालय का दौरा किया और कक्षाओं में बच्चों और शिक्षकों से अनेक विषयों पर वार्तालप किया। प्रतिनिधिमंडल में श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान और मेजबान देश भारत के करीब 90 से ज्यादा स्कूलों के प्रिंसिपल व शिक्षाविदों ने भाग लिया। विद्यालय के सभी अतिथियों का स्वागत भारतीय परम्परा से तिलक लगाकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भूटान के जैम्शो, श्रीलंका के जनका कमलगोडा, बांग्लादेश के हशनैन, भारत के डा० धीरज मेहरोत्रा और कृति पब्लिक स्कूल के मैनेजर हिमाँशु सिंह, प्रधानाचार्या डा० फरजाना शकील अली ने दीप प्रज्वलित कर किया। छात्र दृ छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना और स्वागत गीत से समस्त वातावरण संगीतमय हो गया। नर्सरी से कक्षा दस तक के बच्चों नें इंटरनेशनल डेलिगेट्ध्स के सामने विज्ञान, कम्प्यूटर, गणित , पर्यावरण और भाषा पर आधारित मॉडल्स और प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत किये गये। सतत विकार लक्ष्य – 4 गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर विश्वस्तरीय मंथन पर जोर दिया गया। प्रधानाचार्या ने बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय की शिक्षा प्रणाली , उद्देश्य और सुविधायें साझा की जिसे सभी ने समझा और सराहा। विद्यालय परिवार के लिये यह एक स्मरणीय अनुभव रहा। सभी अतिथियों को सप्रेम भेंट देकर विदा किया गया।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।